अल्बर्ट हॉल पर गूंजेंगी सुरों की लहरियाँ: राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर बैंड दल देगा विशेष प्रस्तुति

जयपुर ,वेब वार्ता । राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित त्रि-दिवसीय समारोह के तहत मंगलवार शाम को जयपुर का ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल परिसर संगीत और गौरव का केंद्र बनेगा। अपनी शानदार कार्यप्रणाली के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए प्रसिद्ध राजस्थान पुलिस का बैंड दल मंगलवार को अपनी विशेष और पारंपरिक बैंड परिधान में शहरवासियों के बीच भव्य प्रस्तुति देगा। पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने और स्थापना दिवस के उत्सव को साझा करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम सायं 7 बजे से 8.15 बजे तक चलेगा।

मंगलवार शाम होने वाले इस कार्यक्रम में पुलिस बैंड के सदस्य अपनी विशेष और पारंपरिक बैंड ड्रेस में सुसज्जित होकर नजर आएंगे। यह परिधान राजस्थान पुलिस की सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक है। पाइप और ब्रास वाद्ययंत्रों के साथ जब ये कलाकार कदमताल करते हुए स्वर लहरियां बिखेरेंगे, तो उनका अनुशासन और वादन कौशल हर किसी को आकर्षित करेगा। कार्यक्रम में सारे जहाँ से अच्छा जैसे कालजयी देशभक्ति गीतों के साथ-साथ कई जोश से भरी धुनें बजाई जाएंगी।

अदम्य साहस एवं समर्पण की प्रतीक
राजस्थान पुलिस
स्थापना दिवस

मंगलवार शाम जब अल्बर्ट हॉल की ऐतिहासिक इमारत रोशनी से नहाई होगी तब पुलिस बैंड की यह प्रस्तुति वहां मौजूद स्थानीय निवासियों और विदेशी सैलानियों के लिए एक मुख्य आकर्षण होगी। यह कार्यक्रम पूरी तरह से सार्वजनिक है, ताकि आमजन पुलिस के इस कलात्मक और सौम्य चेहरे को करीब से देख सकें। पुलिस विभाग अपनी स्थापना की गौरवशाली यात्रा का यह उत्सव आम जनता के साथ मिलकर मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार शाम का यह बैंड वादन कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस प्रकार के आयोजनों से समुदाय और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है और जनता को पुलिस की समृद्ध परंपराओं और उनके कलात्मक कौशल को देखने का अवसर मिलता है।

धोलागढ़ देवी के मेले में जा रहे दोस्तों का एक्सीडेंट

एक की मौत दूसरा गंभीर घायल, गुस्साई भीड़ ने दूसरी गाड़ी के शीशे तोड़े

अलवर, 13 अप्रैल (का.सं.)। अलवर जिले के खेड़ली क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

सौंखरी गांव निवासी अतर सिंह (28) और वीर सिंह (22) अपने अन्य दोस्तों के साथ धोलागढ़ देवी के दर्शन के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान बसेठ और नूनिया के बीच एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और घायलों को तुरंत उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने वीर सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं अतर सिंह की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जिससे वहां काफी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मोर्च्यूरी में रखवाया है, जिसकी पंचनामा कार्यवाई जारी है। वीर सिंह और उसके साथियों ने धौलागढ़ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सौंखरी गांव में धर्मार्थ प्याऊ भी लगाई थी। उसके समापन के बाद सभी दोस्त दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने एक राहगीर की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। विक्रम योगी नामक व्यक्ति, जो अपने परिवार के साथ धोलागढ़ देवी के मेले में जा रहा था, उसकी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

राजस्थान में बढ़ने लगी गर्मी, पारा, 40 डिग्री पार पहुंचने की संभावना

जयपुर ,वेब वार्ता । प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर थमने के बाद अब गर्मी ने धीरे-धीरे अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। रविवार सुबह से ही आसमान साफ रहा और तेज धूप के चलते दिन में गर्मी का असर बढ़ गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों के 12 से अधिक जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया। वहीं, अब रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है और कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है।

पिछले 24 घंटों में राज्यभर में मौसम साफ रहा। इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में रहा।

इसके अलावा चित्तौड़गढ़ और जैसलमेर में 37.6, जोधपुर और कोटा में 37.4, फलोदी में 37.8, प्रतापगढ़ में 37.2 और उदयपुर-जालोर में 37.1 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया।

बीकानेर में 36.4, टोंक के वनस्थली में 36.1, श्रीगंगानगर, चूरू और पिलानी में 35.8, जबकि जयपुर और अजमेर में 34.7 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार अगले 4-5 दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क (ड्राय) बना रहेगा।

इस दौरान तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है। हालांकि फिलहाल हीटवेव (लू) चलने की संभावना नहीं जताई गई है, लेकिन दिन के समय तेज धूप और गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है।

जॉनसन एंड जॉनसन ने भारत में लॉन्च किया नया टेक्नीस ओडिसी इंट्राओक्युलर लेंस

जयपुर, 13 अप्रैल (का.सं.)। जॉनसन एंड जॉनसन ने भारत में अपने प्रिसबायोपिया-करेक्टिंग इंट्राओक्युलर लेंस (पीसी-आईओएल) पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए, टेक्नीस ओडिसी आईओएल लॉन्च किया है। यह नया फुल विज़ुअल रेंज आईओएल बेहतर क्वालिटी और लगातार स्पष्ट नजर देने के लिए तैयार किया गया है। इसके जरिए मरीज दूर, पास और बीच की दूरी पर भी साफ देख सकते हैं, जिससे चश्मे पर उनकी निर्भरता कम हो जाती है। इंडस्ट्री के भरोसेमंद टेक्नीस प्लेटफॉर्म पर आधारित यह लेंस एडवांस्ड ऑप्टिक्स और खास मटेरियल के साथ बनाया गया है, जो हर समय साफ और हाई-कॉन्ट्रास्ट विज़न देने में मदद करता है। यह 93त्न मरीजों को चश्मे से आज़ादी देता है और उन्हें हर दूरी पर स्पष्ट और सटीक दृष्टि प्रदान करता है।

जॉनसन एंड जॉनसन के सर्जिकल विज़न इंडिया और साउथ एशिया के कंट्री मैनेजर बुर्ज़िन शाहाना ने कहा, टेक्नीस ओडिसी आईओएल मोतियाबिंद के उन मरीजों की एक बड़ी जरूरत को पूरा करता है, जो चश्मे पर कम निर्भर रहना चाहते हैं। भारत में इसकी शुरुआत से एडवांस्ड आईओएल तकनीक तक पहुँच बढ़ेगी, जो हर दूरी पर लगातार और बेहतर नजर देने के लिए बनाई गई है। टेक्नीस प्योरसी के साथ मिलकर टेक्नीस ओडिसी आईओएल हमारे आईओएल पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाता है, जिससे हम आज की बढ़ती उम्र वाली आबादी की अलग-अलग जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रहे हैं।

टेक्नीस ओडिसी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि सर्जन्स को काम के दौरान ज्यादा भरोसा मिले, क्योंकि इसका फ्रीफॉर्म डिफ्रैक्टिव प्रोफाइल बची हुई रिफ्रैक्टिव गलतियों को बेहतर तरीके से संभालने में मदद करता है। 94% मरीजों ने इस बात से संतुष्टि जताई कि वे बिना चश्मे के भी ठीक प्रकार देख पा रहे हैं। फ्रीफॉर्म डिफ्रैक्टिव प्रोफाइल की वजह से परेशान करने वाली विज़ुअल दिक्कतें बहुत कम देखने को मिलती हैं। 93% मरीजों को किसी तरह की विज़ुअल परेशानी महसूस नहीं हुई। टेक्नीस ओडिसी कम रोशनी में भी बेहतर कॉन्ट्रास्ट देता है। 92% मरीज इस बात से संतुष्ट रहे कि वे रात में सीढ़ियाँ और रास्ते साफ देख पा रहे हैं ।

घर की नौकरानी निकली 50 लाख की लूट की मास्टरमाइंड

जैसलमेर, 13 अप्रैल (का.सं.)। जैसलमेर में व्यापारी की पत्नी को घर में बंधक बनाकर करीब 50 लाख की ज्वेलरी और कैश चुराने की वारदात की मास्टरमाइंड घर की नौकरानी निकली।

नौकरानी मीनू उर्फ मिनाली ने अपने बॉयफ्रेंड दीपक के साथ मिलकर साजिश रची थी। पुलिस ने महिला समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुराया माल बरामद कर लिया है। एसपी अभिषेक शिवहरे ने बताया कि नौकरानी मीनू को घर के चप्पे-चप्पे की जानकारी थी। उसे पता था कि सोना और कैश कहां रखा है। साजिश के तहत दीपक ने नागौर से अपने 3 दोस्तों को जैसलमेर बुलाया। वारदात से एक सप्ताह पहले ही तीनों जैसलमेर पहुंच गए थे। सभी ने मिलकर 5 बार घर की रैकी की और घर में कब कौन अकेला रहता है, इसकी पुख्ता जानकारी जुटाई।

दोपहर में लूट, शाम को जोधपुर भागे रहे थे

रविवार 12 अप्रैल की दोपहर करीब एक घंटे तक लूटपाट करने के बाद सभी आरोपी एक जगह मिले और माल का आपस में बंटवारा किया। पकड़े जाने के डर से सभी अलग-अलग बसों में सवार होकर जोधपुर के लिए रवाना हो गए थे। हालांकि सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई। सीसीटीवी **(CCTV)** में नजर आए संदिग्ध चेहरों के आधार पर पुलिस ने पूरे जिले में नाकाबंदी करवाई।

शिकायतों के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

सिरोही, 13 अप्रैल (का.सं.)। जलदाय विभाग में स्थानीय स्तर शिकायतों के समाधान के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लिए समर्पित हेल्पलाइन नंबर जारी किये गए हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खंड आबूरोड के अधिशाषी अभियंता हेमंत कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 02972-220131 व खंड कार्यालय आबूरोड के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 02974-222261 का रहेगा। जिस पर स्थानीय जनता अपनी पेयजल सम्बन्धित शिकायत एवं समस्या से अवगत करवा सकते है जिसका त्वरित समाधान किया जावेगा।

इसके अलावा अधिशाषी अभियंता हेमंत कुमार के नंबर 9929398450,उपखंड आबूरोड में सहायक अभियंता कालूराम के नंबर 9784736239 व कनिष्ठ अभियंता सचिन के दूरभाष नंबर 9887007977,उपखंड आबूपर्वत के सहायक अभियंता अशोक कुमार जाटव के दूरभाष नंबर 7891980527,कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार के दूरभाष नंबर 9571297979,उपखंड रेवदर के सहायक अभियंता गोविन्द लाल मीणा के दूरभाष नंबर 9571255780, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग रेवदर के नेतराम गुर्जर के नंबर 9928349012, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग अनादरा के रीना गुप्ता के नंबर 7317264665 व कनिष्ठ अभियंता अनुभाग मंडार के आकाश कुमार के दूरभाष नंबर 9694995449 है।

टॉयलेट करने गई महिला से मारपीट,कुल्हाड़ी–लाठी से किया हमला

पिता पुत्र सहित 3 जनों के सिर फूटे, घटना के बाद आरोपी पड़ोसी फरार

अलवर, 13 अप्रैल (का.सं.)। अलवर के विजय मंदिर थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद में महिला से कहासुनी व मारपीट के मामले में दो पक्षों में लाठी व चाकू से मारपीट हुई। पड़ोसियों ने हमले में दूसरे पक्ष के पिता पुत्र सहित 3 जनों के सिर फोड़ दिए। तीनों अलवर जिला अस्पताल में भर्ती हैं। आरोपी पड़ोसी घटना के बाद फरार हो गए। अब पुलिस ढूंढ़ रही है।

नौरंगाबाद गांव निवासी घायल हारुन खान ने बताया कि उसकी पुत्रवधू गांव में रात करीब 10 बजे बाहर पेशाब के लिए गई थी। तब पड़ोस के समसू, जमशेद सहित अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। पता चलने पर परिवार ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

राज्यमंत्री देवासी गौतमऋषि मेले में शिरकत करेंगे

सिरोही, 13 अप्रैल (का.सं.)। राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी 14 अप्रेल, मंगलवार को प्रात: 07.30 बजे शिवगंज पहुचेंगे जहां वे गौतम ऋषि महादेव मंदिर, चोटीला में वार्षिक मेला महोत्सव 2026 मे शिरकत करेंगे वे सिरोही में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे वे उसके पश्चात मुंडारा (पाली) जाएंगे।

16 अप्रेल को जागरूकता रैली का आयोजन होगा

सिरोही, 13 अप्रैल (का.सं.)। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली का आयोजन 16 अप्रेल को जिला मुख्यालय के अहिंसा सर्किल से प्रात: 07.30 बजे होगा। यह जानकारी जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने दी।

खेजड़ी की कटाई पर 15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना

जयपुर। सांभर-नरेना मार्ग स्थित टांका गौशाला के पास भैराणा धाम की पवित्र भूमि पर प्रस्तावित औद्योगिक विकास को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय संत समाज, पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों ने इस परियोजना का कड़ा विरोध करते हुए 15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की घोषणा की है।

इसकी जानकारी धाम के साधु-संतों ने जयपुर पहुंचकर पिंकसिटी प्रेसक्लब में दी। इस आंदोलन में हजारों की संख्या में साधु-संतों के जुटने की संभावना है। आरोप है कि परियोजना के तहत बड़ी संख्या में पेड़-पौधों, खासकर खेजड़ी वृक्षों की कटाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ गया है। भैराणा धाम के संत राम रत्नदास स्वामी ने बताया कि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम **(RIICO)** द्वारा भैराणा धाम क्षेत्र में करीब 800 बीघा भूमि औद्योगिक उपयोग के लिए आवंटित की गई है। आरोप है कि पिछले 6 महीनों में यहां बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की गई है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव ने संपर्क हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

शासन सचिव ने परिवादियों से सीधा संवाद कर पोर्टल पर प्रभावी मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

जयपुर, 13 अप्रेल। स्वायत शासन विभाग के शासन सचिव श्री रवि जैन ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज मामलों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को विभाग के अधिकारियों की एम्प्लॉय आई डी को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर मैपिंग के साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान पर विशेष जोर देते हुए आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए शिकायतों की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार गत एक वर्ष से अभी तक में स्वायत शासन विभाग से जुड़े कुल 2 लाख 83 हजार 744 प्रकरण संपर्क पोर्टल पर दर्ज हुए, जिनमें से 2 लाख 70 हजार 812 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। लगभग 55 प्रतिशत परिवादियों ने समाधान पर संतुष्टि जताई। निरीक्षण के दौरान श्री रवि जैन ने कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर स्वयं परिवादियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न निकायों में स्ट्रीट लाइट लगवाने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने एवं सुधार, आवासीय पट्टे का निस्तारण, नक्शे / ले-आउट की स्वीकृति, टूटी हुई नाली की मरम्मत, अन्नपूर्णा रसोई मे स्टाफ की कमी एवं भोजन के लिए 8 रुपए की जगह 30 रुपए वसूलने सहित अन्य परिवादियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के सचिव निर्धारित तिथियों पर राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर परिवादियों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

देश के पहले इंटीग्रेटेड रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा

जयपुर, 13 अप्रेल। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को बालोतरा के पचपदरा स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बालोतरा में प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री 21 अप्रेल को देश के पहले एचपीसीएल इंटीग्रेटेड रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स का शुभारंभ बालोतरा में करेंगे। इस रिफाइनरी के माध्यम से देश-प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। साथ ही, यह रिफाइनरी राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी।

इस दौरान श्री शर्मा ने रिफाइनरी की क्रूड डिजिटेशन यूनिट, रिफाइनरी मेन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने रिफाइनरी प्रतिनिधियों से संवाद कर उनका अनुभव भी जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफाइनरी से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस मौके पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल के ले आउट का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने किया निवर्तमान जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि का अभिनन्दन, दी भावभीनी विदाई

बीकानेर, 13 अप्रैल। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा निवर्तमान जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि के सम्मान में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती वृष्णि ने अपने कार्यकाल की यादें साझा करते हुए कहा कि बीकानेर में कार्य करना उनके लिए एक विशेष अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यहां के कार्मिकों के साथ मिलकर उन्होंने हर चुनौती का सामना किया और टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रशासनिक कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया।

महुकला में एन.एन. शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रेस वार्ता व सम्मान समारोह, 11 सदस्यीय टीम की घोषणा

गंगापुर सिटी, मदन मोहन गर्ग। निकटवर्ती ग्राम पंचायत महुकला में श्री एन.एन. शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ताजपुर रोड स्थित मिलन मैरिज गार्डन में समीक्षा बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो चरणों में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण में मीडिया बंधुओं का पचरंगा दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया तथा सभी को ट्रस्ट की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी विनोद शर्मा ने उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि उनके मार्गदर्शक शिक्षाविद् नित्य नारायण शर्मा ने वर्ष 1973 में शिक्षा विभाग राजस्थान में अपनी सेवाएं प्रारंभ करते हुए सदैव सेवा भाव से जरूरतमंदों की सहायता की। उन्होंने सैकड़ों परित्यक्ता, विधवा महिलाओं एवं आश्रित परिवारों की मदद कर समाज में मिसाल पेश की। ट्रस्ट भी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा एवं उपाध्यक्ष नेत्रपाल मीणा के नेतृत्व में ट्रस्टी घनश्याम मिश्र 'लवली' द्वारा भगवान गणेश एवं स्व. एन.एन. शर्मा के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। द्वितीय चरण में ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिविर में सहयोग देने वाले प्रदीप सैनी टेंट, अशोक छान फोटो, हरी शंकर अंजली लाइव, पुष्पेंद्र सैनी एलईडी, सोनू सैनी साउंड एवं बत्ती लाल सैनी मिलन गार्डन सहित अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ट्रस्ट संचालन हेतु 11 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई, जिसमें शैलेंद्र शर्मा, नेत्रपाल मीणा, तेणसिंह जाटव, ऋषि गुर्जर, घनश्याम मिश्र, रूप सिंह सैनी, हेमेन्द्र शर्मा एडवोकेट, अनिल नेता, मुकेश बंजारा, अरुण शाक्यवार एवं शोभना शर्मा को सदस्य बनाया गया। ये सभी ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बद्री लाल महावर, विजय वर्मा, रामकिशन शाक्यवार, मनमोहन बजाज, राजेश आचार्य, सचिन शर्मा, शोभना शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घी की 10 कंपनियों सहित हल्दी-चाय-नमकीन बेचने पर रोक

जयपुर। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के फूड सेफ्टी विंग ने प्रदेश में 17 अलग-अलग ब्रांड के कई उत्पादों को बेचने और डिस्प्ले पर रोक लगा दी। इसमें सोमवार को आदेश जारी करते हुए देसी घी, चाय, हल्दी, रोस्टेड चना, नमकीन शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा घी के 10 ब्रांड शामिल हैं। घी की कंपनियां हरियाणा, पंजाब सहित पाली और जोधपुर की हैं।

परिशिष्ट -IV-ए - ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना ई-नीलामी-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना. नियम 8(6) प्रावधान के साथ परिशिष्ट IV-ए के साथ पठित)

रजि. कार्यालय:- पर्ल गोंजल, प्रॉपर्टिश भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन:-011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाईट:- www.pnbhousing.com

B.O. भिवाड़ी: A-10, पहली मंजिल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाईपास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान।

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(कों) एवं गारंटीकर्ता(कों) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां) जो सुरक्षित ऋणदाता को बंधक रखी गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा (जैसा कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार "**जहां है जैसा है, जो है जैसा है और जो भी है के आधार पर**" बेचा जाएगा। एतद्द्वारा, संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, समनुदेशिती(ओं) को सूचित किया जाता है, जैसा भी मामला हो, जैसा कि प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के संशोधित नियम-8(6) और 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या का नाम उधारकर्ता/सह- उधारकर्ता/गारंटर / कानूनी उत्तराधिकारी(रों)	मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (10% का आरपी) (एफ)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि मात्रिक दर (एच)	निरीक्षण दिनांक और समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	एसेट्स एनकम्ब्रेंस कोर्ट केस, पेंडिंग्स(के)
एचओएल/बीएचआई/1215/254644 मंजू देवी/श्री मुरारी लाल शर्मा, बी.ओ.: भिवाड़ी	रु. 17,64,156.87 एवं 20-09-2025	भौतिक कब्जा	टावर-डी, (रूबी), फ्लैट नंबर- आर-507, कृष औरा, खसरा नंबर 518-527, 534-538, 543-551, गांव-सैदपुर, भिवाड़ी, अलवर, वी स्क्वायर मॉल, राजस्थान-301019, भारत।	रु. 13,71,000	रु. 1,37,100	29.04.2026	रु. 10,000.	20-04-2026, सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक	30.04.2026, 02.00 अपराह्न - अपराह्न 03.00 बजे	ज्ञात नहीं है

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कॉलम संख्या-के में बताए गए को छोड़कर कोई अन्य बाधा/दावा नहीं है। सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपनी ओर से पूरा किया/भुगतान किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लेखित बाधाओं की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं। 1. आज तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लेखित है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या-के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दलील का निरीक्षण कर सकते हैं। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट करते हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। 3. कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (इसमें शामिल है) बयाना राशि का) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि में चूक होने पर, अधिकृत अधिकारी बिक्री का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लेखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रतिफल राशि और संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा।(4.) **मैसर्स सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में है। वेबसाइट - www.bankeauctions.com संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको श्री अश्वनी कुमार सिंह, टोल फ्री नंबर -1800120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com के साथ समन्वय करना होगा, जो पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थान:- भिवाड़ी, दिनांक:- 14.04.2026

एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय दुकान नं. 1 वार्ड नं. 1, इण्डियन मेडिकल हॉल के पास, हमीन्दपुर रोड़, बहरोड़, जिला-अलवर (राजस्थान)